BIHAR STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A Bihar Government undertaking) Beltron Bhawan, Shastri Nagar,
Patna – 800 023. Bihar,(India)
Help desk No.0612-2281814, 2281815

पत्रांक : 5570/2024 दिनांकः 04/11/2024

प्रोग्रामर हेतु ऑन–लाईन रजिस्ट्रेशन की सूचना।

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि० (बेल्ट्रॉन) मैनपावर एजेन्सी के माध्यम से राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों/निकायों को मैनपावर एजेन्सी के माध्यम से कम्प्यूटर तकनीकी कर्मियों (प्रोग्रामर सहित) की सेवा संविदा के आधार पर उपलब्ध करायी जाती है। उपर्युक्त अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि० द्वारा कराया जाता है एवं CBT आधारित दक्षता परीक्षा में सफल होने के उपरांत चयन योग्य अभ्यर्थियों की सूची (पैनल) निगम की मैनपावर एजेन्सी को उपलब्ध करा दी जाती है। विभागों द्वारा अलग–अलग समय में माँग के अनुसार इसी सूची (पैनल) में से एजेन्सी द्वारा deployment एवं भुगतान आदि किया जाता है। वर्तमान में बेल्ट्रॉन द्वारा प्रोग्रामर की सूची (पैनल) तैयार किया जाना है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से प्रोग्रामरों के लिए अर्हताएँ, शर्तें तथा आवश्यक सूचनाएँ निम्न प्रकार से है :–

1. शैक्षणिक योग्यता :– निर्धारित योग्यता BTech(CS), BE(CS), MCA, B.Sc Engg. (CS), M.Sc IT है।
2. उम्र सीमा :– दिनांक 01.08.2024 को न्यूनतम 21 तथा अधिकतम 59 वर्ष।
3. आरक्षण :– सभी अधियाचनाओं में राज्य सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जायगा तथा रोस्टर के अनुसार अभ्यर्थियों को प्रेषित कराया जायगा।
4. सेवा शर्तें :– निर्धारित सेवा शर्तो के साथ चयनित अभ्यर्थी एजेन्सी के साथ एकरारनामा करेंगे। निगम के चयनित सेवा प्रदाता द्वारा प्रेषित अभ्यर्थी बेल्ट्रॉन से अधियाचना करने वाले कार्यालयों में उनकी आवश्यकतानुसार तथा उनके निर्देश में अर्थात वाह्य शर्तो पर कार्य करेंगे।

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि० में प्रोग्रामर के लिए रजिस्ट्रेशन के इच्छुक अभ्यर्थी बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कारपोरेशन लि० (BELTRON), के वेबसाईट **https://bsedc.bihar.gov.in** पर दिनांक **11.11.2024** (सोमवार) से उपलब्ध लिंक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

ऑन–लाईन रजिस्ट्रेशन हेतु सभी अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में रू० 1000.00 (एक हजार) देय होगा तथा केवल बिहार राज्य के महिला/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थी (40% या उससे अधिक) के लिए रू० 250.00 (दो सौ पचास) रूपये देय होगा।

Scanned with OKEN Scanner

(अभ्यर्थी को उपर्युक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त विभिन्न बैंकों द्वारा निर्धारित चार्ज भी देना होगा, जिसे ऑनलाईन भुगतान के क्रम में बैंक द्वारा स्वतः बैंक चार्ज के रूप में ले लिया जाएगा), आवेदक द्वारा फोटो, हस्ताक्षर, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र, वैध जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि अपलोड करना होगा।

अभ्यर्थियों की चयन परीक्षा का प्रकार CBT आधारित MCQ (Multiple Choice Question) परीक्षा होगी। इस परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होगें तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक दिये जायेंगे, जिसमें निगेटिव मार्क्स का प्रावधान नहीं होगा। दक्षता परीक्षा IGNOU के MCA सिलेबस के आधार पर होगी। चयन हेतु कट–ऑफ मार्क निधारित किया जायेगा।

- निर्धारित दक्षता स्तर पर महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अभ्यर्थियों को प्रत्येक स्तर के मूल्यांकन में 10% तथा दिव्यांग अभ्यर्थियों (सक्षम पदाधिकारी द्वारा प्रदत न्यूनतम 40% दिव्यांगता का प्रमाण पत्र) को 15% की अधिमानता दी जायगी। परीक्षा उपरान्त अभ्यर्थियों के लिए कट ऑफ अंक निर्धारित कर पैनल संधारित किया जाएगा।
- सेवा प्रदाता एजेन्सी, रजिस्टर्ड तथा गुणवत्ता परीक्षित अभ्यर्थियों का पैनल संधारित करेगा। अधियाचनाएँ प्राप्त होने पर इस पैनल से अभ्यर्थियों के सेवा की मांग की जा सकती है। सेवा देने हेतु इन अभ्यर्थियों को एजेन्सी से परस्पर स्वीकार्य एग्रीमेंट करना होगा। एकरारनामें की व्यवस्था अभ्यर्थियों के बेल्ट्रॉन या अधियाची विभागों में नियुक्ति का आधार नहीं होगा।
- **प्राप्तांक के अनुक्रम में मेधा सूची आधारित पैनल बनाई जायेगी तथा विभागों/कार्यालयों/निकायों से प्राप्त अधियाचना के विरूद्ध पैनल से प्रतिनियुक्ति में 100 Point आरक्षण रोस्टर के अनुसार आरक्षण का लाभ दिया जाएगा।**
- ऑनलाईन आवेदन फार्म के अनुसार आवेदको द्वारा निर्देशानुसार फार्म भरे जाएगें एवं कागजात/प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।
- **उम्मीदवारों को फार्म भरने में पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। अपूर्ण एवं गलत कागजात वर्णित स्थान पर upload नहीं करने की स्थिति में भी आवेदन अस्वीकार कर दिये जाएगें।**
- समय–समय पर इस संबंध में निगम के website https://bsedc.bihar.gov.in पर सूचनाएँ प्रकाशित की जा सकती है। एडमिट कार्ड पर परीक्षा की तिथि, समय एवं केन्द्र अंकित होगा। जो लिंक के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है।
- यदि कोई समस्या/शिकायत हो तो हेल्प लाईन नं० 0612–2281814, 2281815 पर कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते है।
- अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि आगे की सूचना हेतु नियमित रूप से निगम के वेवसाइट को देखते रहें।

ऑन–लाईन रजिस्ट्रेशन (पूरे भुगतान के साथ) करने की अंतिम तिथि 10.12.2024 (मंगलवार) रहेगी।

2/11/24

प्रबन्ध निदेशक

Scanned with OKEN Scanner